सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **मिशन शक्ति अभियान के तहत पारिवारिक विवाद का सफल निस्तारण, पुलिस की काउंसलिंग से पति-पत्नी के बीच सुलह**

आज दिनांक 16.10.2026 को आवेदिका सीमा पत्नी राजू, निवासी ग्राम धन्धरा, थाना कोतवाली लोटन, जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा पति के शराब पीकर गाली-गलौज एवं मारपीट करने के संबंध में थाना लोटन पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उन्हें पारिवारिक जिम्मेदारियों, आपसी विश्वास एवं सौहार्द के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए समझाया-बुझाया गया। पुलिस के संवेदनशील एवं सकारात्मक प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच उत्पन्न मतभेद दूर हुए तथा पति-पत्नी ने आपसी सहमति से पुनः साथ रहने का निर्णय लिया। काउंसलिंग के उपरांत दोनों पति-पत्नी खुशी-खुशी अपने घर चले गए। वर्तमान में दोनों के मध्य कोई विवाद नहीं है। इस सराहनीय पहल के लिए परिवारजनों द्वारा थाना लोटन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

थाना लोटन पुलिस मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा, पारिवारिक विवादों के समाधान एवं परिवारों में आपसी प्रेम, विश्वास और सौहार्द बनाए रखने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (II) अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मिश्रौलिया में चौपाल लगाकर चलाया गया बहु सम्मेलन जागरुकता अभियान व गुड व बैड टच के बारे मे बच्चो को दी गयी जानकारी ।

डॉ0 अभिषेक महाजन श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में श्री प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी महोदय डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 16/10/2026 थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया की महिलाएं जो थाने तक नहीं आ सकती हैं उनको चौपाल लगाकर बहु सम्मेलन कर जागरूक किया अथवा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी।मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार
1- उ0नि0 विजय सिंह
2 - का0 सुदामा यादव
3- म0आ0 बबिता भारती
म0आ0 ज्योति यादव

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना लोटन साइबर सेल टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गलत मोबाइल नंबर पर फोन पे के माध्यम से स्थानांतरित ₹33,000 की धनराशि आवेदक के खाते में वापस कराया गया।

डॉ० अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन एवं श्री विश्वजीत सौरयान, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में श्री प्रदीप कुमार सिंह, थानाध्यक्ष थाना कोतवाली लोटन के नेतृत्व में साइबर सेल थाना लोटन द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। दिनांक 16.10.2026 को आवेदक रमेश यादव पुत्र प्रेमशंकर, निवासी ग्राम हरिगांव, थाना लोटन, जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा साइबर सेल थाना लोटन में ऑफलाइन प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि दिनांक 15.10.2026 को वह फोन पे के माध्यम से अपने रिश्तेदार को धनराशि भेज रहा था, इसी दौरान मोबाइल नंबर गलत दर्ज हो जाने के कारण ₹33,000/- (तैंतीस हजार रुपये) किसी अन्य व्यक्ति के खाते में स्थानांतरित हो गए। उक्त शिकायत पर साइबर सेल थाना लोटन टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए संबंधित व्यक्ति के मोबाइल नंबर पर संपर्क स्थापित किया गया तथा समन्वय स्थापित कर आवेदक की ₹33,000/- की संपूर्ण धनराशि उसके खाते में वापस कराई गई।

सराहनीय कार्य करने वाली साइबर सेल टीम का विवरण—

उ०नि० रवीन्द्र यादव — साइबर सेल प्रभारी, थाना कोतवाली लोटन
हे०का० अंकित सिंह — थाना कोतवाली लोटन
का0 अखिलेश कुमार — थाना कोतवाली लोटन
म०का० पूजा वर्मा — थाना कोतवाली लोटन

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा व विसर्जन के दृष्टिगत जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ त्यौहार दुर्गापूजा/दशहरा के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना शोहरतगढ़ के कस्बा शोहरतगढ़ में फ्लैग मार्च किया गया।

शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा व मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु श्री शिवशरणप्पा जीएन. जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 16.10.2026 को पर्याप्त पुलिस बल व पीएसी बल के साथ थाना शोहरतगढ़ के कस्बा शोहरतगढ़ क्षेत्र में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया गया।फ्लैग मार्च के दौरान मुख्य मार्गों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, दुर्गा पंडालों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने हेतु अपील की गई तथा अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सहित पुलिस व प्रशासन अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा निस्तारित पारिवारिक प्रकरणों के पक्षकारों को किया गया सम्मानित।**

◆ **मिशन शक्ति केन्द्र/महिला परामर्श केन्द्र की प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सहित 13 महिला पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित।**

आज दिनांक 16.10.2026 को पुलिस सभागार, पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन की अध्यक्षता में मिशन शक्ति केन्द्र/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराये गये पारिवारिक प्रकरणों के अभिभावकों/परिजनों को बुलाकर सम्मानित किया गया। महोदय द्वारा बताया गया कि पारिवारिक विवादों को आपसी समझौते से सुलझाना ही सबसे बेहतर समाधान है। मिशन शक्ति केन्द्र/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा 384 परिवारों को टूटने से बचाने का सराहनीय कार्य किया गया है जिसके लिए प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय सहित महिला थाना की 13 महिला पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निस्तारित हुए परिवारों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की तथा भविष्य में मिलजुल कर रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मिशन शक्ति केन्द्र की टीम द्वारा उनके सुखी वैवाहिक जीवन हेतु शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद , क्षेत्राधिकारी लाइन विश्वजीत सौरयान (IPS), प्रतिसार निरीक्षक , मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर महोदय द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र/महिला परामर्श केन्द्र की 13 महिला पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम शारदीय नवरात्रि पर्व पर थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना स्थानीय पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र पर महिलाओं एवं बच्चियों को जागरुकता किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के रक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बासी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 16/10/2025 को अरुण कुमार के थाना प्रभारी निरीक्षक थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम थाना जोगिया उदयपुर द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर प्रस्तावित कार्य योजना के अनुसार दिनांक 16-10- 2026 को मिशन शक्ति केंद्र द्वारा सफलतापूर्वक निस्तारण कराए गए पारिवारिक प्रकरणों के अभिभावकों/परिवारी जनों को मिशन शक्ति केंद्र में बुलाकर उपस्थित अभिवावकों /पारिवारिक जनों को सम्मानित किया गया व फल वितरण किया गया एवं जिसमें शाहनाज पत्नी मो 0 रफीक , गांव सत्तावाडी थाना जोगिया, उदयपुर 2 फ़ोटो पत्नी राम रूप ग्राम ककरही 3सीता पत्नी मन्नू 4गायत्री पत्नी रामू 5 मांडवी पत्नी रामकरन आदि की उपस्थिति में वार्ता कर फीडबैक लिया गया। मिशन शक्ति केंद्र में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज 6.0 के तहत पंपलेट का भी वितरण कर जागरूक किया गया। महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन,102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए) 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी। इसके साथ साथ महिलाओं एवं बालिकाओं को सक्षम , सशक्त व निडर होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उ0नि0 अकरम खान, हे0का0 श्रीनन्द यादव, म0का0 पूजा यादव, म0का0 रानी विश्वकर्मा, म0का0 शैल कुमारी, म0का0 पूनम आदि अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम शारदीय नवरात्रि पर्व पर थाना इटवा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के एम.के. एस. एकेडमी कॉलेज ऑफ साइंस मझौवा के बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर जागरुकता किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 16/10/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा "श्री पवीन प्रकाश"तथा प्रभारी निरीक्षक "श्री अनिल कुमार दूबे" थाना इटवा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून के संबंध व साइबर के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत एम.के. एस. एकेडमी कॉलेज ऑफ साइंस मझौवा इटवा थाना इटवा" जनपद सिद्धार्थ नगर में बालिकाओं और महिलाओं को को एकत्रित कर के मिशन सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज द्वितीय चरण 6.0 को कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, कानूनों की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये अभियान* के तहत जागरुक किया गया महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- □112, पुलिस आपातकान सेवा □1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन□1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन □108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन □1098, चाइल्ड हेल्पलाइन □102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम**

उप0 नि0 राजेन्द्र शाही
उप ०नि० नागेंद्र सिंह
मा० आ० साधना यादव
मा 0 आ0 रविता यादव
मा 0 आ0 प्रज्ञा पटेल
आ० रोहित यादव

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत काउंसलिंग से पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद का थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा सफल निस्तारण किया गया ।

आज दिनांक 16.10.2026 को आवेदिका संध्या पत्नी छोटू,निवासी मोहल्ला अंबेडकरनगर(नरकटहा)थाना कोतवाली बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा पति पत्नी के बीच आपसी कहासुनी एवं गाली गलौज करने के संबंध में थाना बाँसी पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष महोदय तथा मिशन शक्ति प्रभारी के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उन्हें पारिवारिक जिम्मेदारियों, आपसी विश्वास एवं सौहार्द के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए समझाया-बुझाया गया । पुलिस के संवेदनशील एवं सकारात्मक प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच उत्पन्न मतभेद दूर हुए तथा पति-पत्नी ने आपसी सहमति से पुनः साथ रहने का निर्णय लिया । काउंसलिंग के उपरांत दोनों पक्षों को शाल देकर सम्मानित किया गया पति-पत्नी खुशी-खुशी अपने घर चले गए। वर्तमान में दोनों के मध्य कोई विवाद नहीं है। इस सराहनीय पहल के लिए परिवारजनों द्वारा थाना बांसी पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। थाना बांसी पुलिस मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा, पारिवारिक विवादों के समाधान एवं परिवारों में आपसी प्रेम, विश्वास और सौहार्द बनाए रखने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है ।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम शारदीय नवरात्रि पर्व पर थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई द्वारा मय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र पर आई महिलाओं बालिकाओं को जागरुकता कर सम्मिनत किया गया।

वरिष्ट पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता के तहत आज दिनांक 16/10/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत फीडबैक कार्यक्रम का आयोजन थानाध्यक्ष के उपस्थित में किया गया तथा बताया गया कि कोई भी दिक्कत परेशानी होती है तो मिशन शक्ति केंद्र पर आकर या मिशन शक्ति केंद्र के सीयूजी नंबर 9454408276 पर अपनी समस्या को अवगत करा सकते हैं एवं थाने का सीयूजी 9454458049 के बारे में महिलाओं को बताया गया जिसमें काउंसलिंग के दौरान पुराने परिवार विवाद के पति पत्नी एवं मुकदमा संबंधित पीड़ितावो को बुलाया गया जिसमें दोनों पक्षों का काउंसलिंग किया सब संतुष्ट पाए गए जिसमें दोनों पक्ष आपस में राजी खुशी के साथ रह रहे हैं तथा हर्षिता ब्यूटी पार्लर की लड़कियों को एकत्रित कर मिशन शक्ति का कार्यक्रम किया गया को मिशन शक्ति टीम शिवनगर डिडई टीम द्वारा महिला,सशक्तिकरण कार्यक्रम मे थाना शिवनगर डिडई पर आयोजन किया गया जहां पर उपस्थित महिलाओ एवं बालिकाओं उपस्थित कर सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियानमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योनारानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला2 सम्मान कोषनारी शक्ति वंदन अधिनियममातृ शक्ति को सम्बलनिराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान के दौरान 02 व्यक्ति का माफीनामा भर कर उनके परिजनों को बुलाकर छोड़ा गया मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत बिभिन्न जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया □112, पुलिस आपातकालीन सेवा □1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन □1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन □108, एंबुलेंस सेवा □1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन □1098, चाइल्ड हेल्पलाइन □102, स्वास्थ्य सेवा □181 वीमेन हेल्पलाइन □101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम-

01.उ0नि0 संजय राय 02.म0हे0का0नीलम शुक्ला 03. म0का0 प्रतिमा दूबे 4 म0का0 रोशनी शुक्ला 5 म0का0 प्रिया पाण्डेय

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा व विसर्जन के दृष्टिगत जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ त्यौहार दुर्गापूजा व विसर्जन के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु भारत-नेपाल बढ़नी बार्डर पर फ्लैग मार्च किया गया।

शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा व मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु श्री शिवशरणप्पा जीएन. जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 16.10.2026 को पर्याप्त पुलिस बल व पीएसी बल के साथ **भारत-नेपाल बढ़नी बार्डर पर** फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान मुख्य मार्गों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, दुर्गा पंडालों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने हेतु अपील की गई तथा अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा एसएसबी के साथ त्यौहार के सकुशल सम्पन्न कराने हेतु गोष्ठी की गयी। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सहित पुलिस व प्रशासन अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के अन्तर्गत, महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलम्बन, सुरक्षित परिवेश, आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिला पुलिस कर्मियों के स्कूटी रैली को पुलिस लाइन परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा सशक्तीकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना तथा समाज में महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। मिशन शक्ति फेज-6.0 के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों, उनके अधिकारों, साइबर अपराधों से बचाव तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में पुलिस एवं संबंधित विभागों से सहायता प्राप्त करने के लिए जागरूक किया जाएगा, जिससे महिलाएं बिना किसी भय के अपनी समस्याएं साझा कर सकें तथा उन्हें समयबद्ध तरीके से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम, महिला संबंधी शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण तथा समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत ताना चिल्हिया मिशन शक्ति टीम द्वारा पारिवारिक विवाद का सफल निस्तारण करते हुए 02 परिवारो (पति-पत्नी) के बीच सुलह समझौता करा कर विदा किया गया।

आज दिनांक 16.10.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम मे, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर के कुशल निर्देशन में,मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सिद्धार्थ नगर के कुशल पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति के क्रम में थाना चिल्हिया थानाध्यक्ष पवन कुमार मौर्या थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति फेज 6.0 महिला सशक्तिकरण के मध्य में मिशन शक्ति द्धारा पति पत्नी के जोड़ों को (1) हीना देवी पत्नी दिलीप निवासी करोती थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर (2) रेनू पत्नी शंभुलाल निवासी बभनी थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर व अन्य जोड़ो को मिशन शक्ति केंद्र थाना चिल्हिया द्वारा सफलता पूर्वक निस्तारण कराए पारिवारिक प्रकरणों के जोड़ों को बुला कर फीडबैक लिया गया व थाना द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा 02 परिवारो के बीच हुए विवाद का सफल निस्तारण करते हुए विदा किया गया। परिजनो द्वारा थाना खेसरहा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशसा की गयी।

आज दिनांक 16.10.2026 को आवेदिका 1.ममता गौड़ पत्नी अजय गौड़, निवासी ग्राम खुटहनी, थाना खेसरहा, जनपद सिद्धार्थनगर पति द्वारा शराब पीकर गली गुप्ता देने के संबंध में 02.रोकाई खातून पत्नी जाहिद अली ग्राम मेहनुआ थाना ख़ेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर पति व सास द्वारा गाली-गलौज एवं मारपीट के संबंध में थाना खेसरहा पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों परिवार के दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उन्हें पारिवारिक जिम्मेदारियों आपसी विश्वास एवं सौहार्द के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए समझाया-बुझाया गया पुलिस के संवेदनशील एवं सकारात्मक प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच उत्पन्न मतभेद दूर हुए तथा पति-पत्नी ने आपसी सहमति से पुनः साथ रहने का निर्णय लिया। वर्तमान में दोनों परिवारों के मध्य कोई विवाद नहीं है। इस सराहनीय पहल के लिए परिवारजनों द्वारा थाना खेसरहा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। थाना खेसरहा पुलिस मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा, पारिवारिक विवादों के समाधान एवं परिवारों में आपसी प्रेम, विश्वास और सौहार्द बनाए रखने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

मिशन शक्ति टीम

उ0नि0 जियाउल्लाह सिद्दकी, चंद्रिका प्रसाद मौर्य
का0 श्री प्रकाश
म0का0 संगीता
म0का 0 गुंजन सेन

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिस शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र में 03 विवादो का निस्तारण कर परिजनो को सम्मानित किया गया।

आज दिनांक 16 /10/ 26 को आवेदिका 1.गीता पत्नी जोगिंदर निवासी देईपार थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थ नगर द्वारा खर्चा ना देना गाली गुप्ता देना तथा मारने पीटने के संबंध में 2.हजरतू निशा पत्नी इसारत अली निवासी गर्दहिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर मोबाइल नंबर 9369065 381 के मध्य पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद था 3.मंजू देवी पत्नी जोगिंदर व बसंती पत्नी जोगिंदर निवासी ग्राम देईपार थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के मध्य पति द्वारा खर्चा न देने को लेकर थाना भवानीगंज पर प्रार्थना पत्र दिया था प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष श्री विजय शंकर सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम द्वारा उपरोक्त उभय पक्षों की काउंसलिंग कर उन्हें पारिवारिक जिम्मेदारियों, आपसी विश्वास एवं सौहार्द के महत्व के प्रति जागरुक करते हुए समझाया बुझाया गया। पुलिस के संवेदनशील एवं सकारात्मक प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच उत्पन्न मतभेद दूर हुए तथा दोनों परिवार आपसी सहमति से पुणे साथ रहने का निर्णय लिया काउंसलिंग के उपरांत दोनों पति-पत्नी वह सास बहू अपने घर चले गए। इस सराहनी पल के लिए परिवार जनों द्वारा थाना भवानीगंज पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। थाना भवानीगंज पुलिस मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा पारिवारिक विवादों के समाधान एवं परिवारों में आपसी प्रेम, विश्वास और सौहार्द बनाए रखने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम शारदीय नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर थानाध्यक्ष कठेला समयमाता मय मिशन शक्ति टीम द्वारा थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में आई महिलाओं एवं बच्चियों को महिला अपराध के सम्बन्ध में जागरुकत किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 16/10/2025 को नरायनलाल श्रीवास्तव थानाध्यक्ष थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम थाना कठेला समयमाता द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर प्रस्तावित कार्य योजना के अनुसार दिनांक 16-10-2026 को मिशन शक्ति केंद्र द्वारा सफलतापूर्वक निस्तारण कराए गए पारिवारिक प्रकरणों के अभिभावकों/परिवारी जनों को मिशन शक्ति केंद्र में बुलाकर उपस्थित अभिवावकों /पारिवारिक जनों को सम्मानित किया गया व फल वितरण किया गया एवं जिसमें अफसाना पत्नी किस्मत अली, तस्मुलनिशा पत्नी उबैदुरजा, धर्मराज ग्राम-बजराभारी, दुर्गावती पत्नी हीरालाल, सरोज पत्नी रामाशीष, पूनम पत्नी धर्मराज आदि की उपस्थिति में वार्ता कर फीडबैक लिया गया। मिशन शक्ति केंद्र में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज 6.0 के तहत पंपलेट का भी वितरण कर जागरूक किया गया। महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन,102 एम्बुलेंस सेवा(गर्भवती महिलाओं के लिए) 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत जनपद के भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में , श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 16.10.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र जोगिया उदयपुर के ककरही, सूपाराजा , जोगिया उदयपुर बाजार, सनई तिराहा, नौगढ़ रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड बांसी स्टैंड, उद्यान पार्क , बुद्धापार्क , थानाक्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01.महिलाउप निरीक्षक श्रीमती संजू यादव
02.महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्या
03.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा 02 पारिवारिक विवाद का सफल निस्तारण करते हुए एक साथ विदा किया गया।

आज दिनांक 16/10/2026 को आवेदिका 1.गीता पत्नी जोगिंदर निवासी इटवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थ नगर द्वारा खर्चा ना देना गाली गुप्ता देना तथा मारने पीटने के संबंध में 2. सुंदरी पत्नी सूरज निवासी बैरवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के मध्य पारिवारिक बातों को लेकर विवाद को लेकर थाना इटवा पर प्रार्थना पत्र दिया था प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार दुबे के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम द्वारा उपरोक्त उभय पक्षों की काउंसलिंग कर उन्हें पारिवारिक जिम्मेदारियों, आपसी विश्वास एवं सौहार्द के महत्व के प्रति जागरुक करते हुए समझाया बुझाया गया। पुलिस के संवेदनशील एवं सकारात्मक प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच उत्पन्न मतभेद दूर हुए तथा दोनों परिवार आपसी सहमति से पुणे साथ रहने का निर्णय लिया काउंसलिंग के उपरांत दोनों पति-पत्नी वह सास बहू अपने घर चले गए। इस सराहनी पल के लिए परिवार जनों द्वारा थाना इटवा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। थाना इटवा पुलिस मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा पारिवारिक विवादों के समाधान एवं परिवारों में आपसी प्रेम, विश्वास और सौहार्द बनाए रखने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना सिद्धार्थनगर पुलिस के साथ त्यौहार दुर्गापूजा के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा सिद्धार्थनगर में फ्लैग मार्च किया गया।

आज दिनांक 16.10.2026 को विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना सिद्धार्थनगर पुलिस के साथ त्यौहार दुर्गापूजा के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा सिद्धार्थनगर में पैदल गश्त किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा प्रभारी निरीक्षक खेसरहा मय मिशन शक्ति पुलिस टीम के साथ त्यौहार दुर्गापूजा के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा बेलौहा में फ्लैग मार्च किया गया।

आज दिनांक 16.10.2026 को सुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा प्रभारी निरीक्षक खेसरहा मय मिशन शक्ति पुलिस टीम के साथ त्यौहार दुर्गापूजा के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा बेलौहा में पैदल गश्त किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक खेसरहा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार दुर्गापूजा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 16.10.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धर्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से चोरी के आरोपी को 1 वर्ष 03 माह व ₹ 500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 15.10.2026 को वाद सं0-4262/2018 मु0अ0सं0 150/2018 धारा 379 भादवि थाना सिद्धार्थनगर में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री अनुभव कटियार, न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त रामनयन पुत्र गरीब निवासी खजुरिया थाना व जनपद सिद्धार्थगर को 01 वर्ष 03 माह व ₹ 500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक जयहिन्द त्रिपाठी तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी गोविन्द सिंह थाना सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धर्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से चोरी के आरोपी को 1 वर्ष 03 माह व ₹ 500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 15.10.2026 को वाद सं0-25499/2021 मु0अ0सं0 220/2018 धारा 379 भादवि थाना सिद्धार्थनगर में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री अनुभव कटियार, न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त रामनयन पुत्र गरीब निवासी खजुरिया थाना व जनपद सिद्धार्थगर को 01 वर्ष 03 माह व ₹ 500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक जयहिन्द त्रिपाठी तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी गोविन्द सिंह थाना सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धर्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से चोरी के आरोपी को 1 वर्ष 03 माह व ₹ 500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 15.10.2026 को वाद सं0-4267/2018 मु0अ0सं0 198/2018 धारा 379 भादवि थाना सिद्धार्थनगर में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री अनुभव कटियार, न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त रामनयन पुत्र गरीब निवासी खजुरिया थाना व जनपद सिद्धार्थगर को 01 वर्ष 03 माह व ₹ 500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक जयहिन्द त्रिपाठी तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी गोविन्द सिंह थाना सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना गोल्हौरा पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिग युवती के साथ सामुहिक दुष्कर्म के 02 आरोपियों को आजीवन कठोर कारावास व प्रत्येक को ₹65,000/- ₹65,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 16.10.2026 को वाद सं0 09/2017 मु0अ0सं0 740/2016 धारा 363,366,376डी भादवि व 3/4 पॉक्सों एक्ट थाना गोल्हौरा में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार माननीय न्यायालय एएसजे/स्पे0/पाक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तगण 1. मनोज पुत्र रामदीन 2. रिंकू पुत्र रामदीन निवासीगण मझौला थाना बेहटा जिला हरदोई उत्तर प्रदेश को आजीवन कठोर कारावास व प्रत्येक को ₹65,000/- ₹65,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मुकेश प्रजापति थाना गोल्हौरा का सराहनीय योगदान रहा।